हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 21 मार्च 2026

04 आरोन नगर में आस्था और परंपरा का प्रतीक डुंडी...



07 बारिश के साथ कई स्थानों पर ओले गिरे, किसानों की बढ़ी मुसीबत





## समाचार संक्षेप

### बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र में ऑटो चालकों की बैठक आयोजित, शपथ दिलाई गई



**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने हेतु निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज बजरंगगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा थाना क्षेत्र में सभी ऑटो चालकों को थाने पर आमंत्रित कर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बजरंगगढ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सभी ऑटो चालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए, जिनमें वाहन चलाते समय सभी वैध दस्तावेज साथ रखने, तेज गति से वाहन न चलाने, समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराने तथा सार्वजनिक मार्गों पर ऑटो खड़ा न करने जैसी महत्वपूर्ण बातों पर विशेष जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त ऑटो चालकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनसे सायबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही नशा मुक्ति, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

### गुना पुलिस ने 24 घंटे में हत्या के आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया



**गुना।** ग्राम माहौर में पुरानी रंजिश के चलते हुई हत्या और हमला प्रकरण में गुना पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना में धनपाल केवट, उसकी मां और बड़े भाई संतोष केवट पर हमला किया गया, जिसमें संतोष केवट की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर और सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के मार्गदर्शन में केंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम ने सभी आरोपी 5 वयस्क और 3 बालक को हिरासत में लिया। वयस्क आरोपियों को न्यायालय और बालकों को बाल न्यायालय में पेश किया गया।इस तत्पर कार्रवाई में निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, उपनिरीक्षक ज्योति राजपूत और आरक्षकों शिवदयाल वर्मा, विक्रांत जाटव, अमित, देवेन्द्र और गोविन्द का विशेष योगदान रहा।

### निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पहले अनिवार्य सूचना दें, न देने पर कार्रवाई संभव

**गुना।** श्रम विभाग ने निर्माण स्थलों पर सुरक्षा और श्रमिक कल्याण सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी किए हैं। किसी भी भवन या निर्माण कार्य की शुरुआत से कम से कम 30 दिन पहले नियोजक को निरीक्षक को स्थल, कर्मचारियों की संख्या, सुरक्षा उपाय और अन्य आवश्यक जानकारी साझा करना अनिवार्य है।निर्माण स्थल की जानकारी एमपीबीओसीडब्ल्यू पोर्टल या जिला श्रम कार्यालय के माध्यम से दी जा सकती है। सूचना न देने पर नियोजक पर जुर्माना 2,000 रुपए तक, तीन महीने तक कारावास, या दोनों हो सकते हैं।नागरिक किसी भी निर्माण स्थल की जानकारी देने या शिकायत करने के लिए कंट्रोल रूम नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

**गुना।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सुदृढीकरण करने हेतु तथा कालाबाजारी करने वाले के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान शहबाजपुर तहसील आरोन के विक्रेता चन्द्रभान यादव के विरुद्ध खाद्यान्न का अपयोजन करने के कारण पुलिस थाना आरोन में ईसी एक्ट के तहत एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, आरोन द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान शहबाजपुर (आरोन) के विक्रेता चन्द्रभान सिंह द्वारा दुकान को आवंटित मात्रा में से गेंहू 163.67 क्विंटल, चावल 38.22 क्विंटल, नमक 71 किग्रा. एवं शक्कर 88 किग्रा. का अपयोजन कर (डायवर्सन) कर कालाबाजारी करने की अनियमिततायें की गई।

## गुना में आज मनेगी ईदः अकीदत के साथ अदा की गई दूसरी 'अलविदा जुमा' की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

इबादत और बरकतों का मुकद्दस महीना रमजान अब विदा हो रहा है और आज पूरे जिले में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गुरुवार को चांद नजर न आने के कारण इस बार रमजान का महीना 30 दिनों का पूरा हुआ, जिसके चलते शुक्रवार को मस्जिदों में एक बार फिर 'अलविदा जुमा' (रमजान का आखिरी शुक्रवार) की नमाज अदा की गई। यह एक दुर्लभ संयोग रहा कि इस साल मोमिनों को दो बार अलविदा जुमे की नमाज का सबाब हासिल हुआ।मस्जिदों में उमड़ा जनसैलाब शुक्रवार को शहर की प्रमुख मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ देखी गई। उलमाओं के अनुसार, रमजान में नेक कार्यों का फल 70 गुना बढ़ जाता है, इसलिए विदाई की घड़ी में मुस्लिम समाज के लोग भावुक भी दिखे और खुदा की इबादत में मशगूल रहे। शहर काजी नूर उल्लाह यूसुफ जई ने बताया कि ईद अल्लाह की तरफ से बंदों के लिए एक इनाम है। उन्होंने अपील की है कि नमाज से



पहले अपनी सामर्थ्य अनुसार जकात, सदका और फितरा जरूर अदा करें ताकि समाज के गरीब तबके के लोग भी खुशी-खुशी ईद मना सकें।आज शहर में नमाज का समयईद की मुख्य नमाज के लिए जिला मुख्यालय पर करीब 15 स्थान तय किए गए हैं। प्रशासन और मस्जिद कमेटियों ने सुरक्षा व व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। प्रमुख स्थानों पर नमाज का समय इस प्रकार रहेगाःजामिया इब्ने अब्बास (बरबटपुरा): सुबह 8:00 बजेमदीना मस्जिद व मंसूरी मस्जिदः सुबह 8:30 बजेघोसीपुरा व कैंट ईदगाहः सुबह 8:30 बजेमक्की मस्जिद (तलैया मोहल्ला): सुबह 9:15 बजेहड्डी मिल ईदगाहः सुबह 9:00 बजेछावनी ईदगाहः सुबह 10:00 बजे (अंतिम दौर)बाजारों में रौनक और उत्सव का माहौलईद को लेकर बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं है। सेवइयां, सूखे मेवे और नए कपड़ों की खरीदारी के लिए देर रात तक कर्नलगंज और सदर बाजार गुलजार रहे।

घरों में विशेष पकवान जैसे शीर-खुरमा और बिरयानी बनाने की तैयारी पूरी हो चुकी है। बच्चों में ईदी और नए कपड़ों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। मस्जिदों और ईदगाहों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है, जिससे पूरे शहर में जश्न का माहौल है।

### मानसिक रूप से अस्वस्थ मां ने ही बच्ची को छोड़ दिया था लावारिस

## खोई हुई मासूम को पाकर पिता के नैनों से बह निकली अश्रु धारा





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

छै सात साल की एक मासूम बच्ची से लिपटकर फूट-फूट कर रो रहा एक पिता, पास में खड़े हैं एसपी अंकित सोनी और कुछ और पुलिस अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद हैं ,यह दृश्य एसपी ऑफिस के भीतर शुक्रवार दोपहर में देखने को मिला जिसने सभी को भावुक कर दिया। दरअसल खोई हुई बच्ची जब कई दिनों के बाद पिता की गोद में वापस पहुंची तो पिता के नैनों से खुशियों की अश्रु धारा बहने लगी ,गला रुंध चुका था और मुंह से शब्द भी स्पष्ट उच्चारण करने में असमर्थ थे लेकिन बिना कहे जो बात सबको समझ में आ रही थी वह यही थी कि दुनिया में औलाद से बड़ी दौलत कोई नहीं और उसे बिछड़ कर पाने के बाद जो खुशी मिलती है उसके आगे भी दुनिया की हर खुशी छोटी है। सुरक्षा बल आरपीएफ की सतर्कता और मानवीय पहल का सराहनीय उदाहरण सामने आया। स्टेशन परिसर में एक 6-7 वर्षीय बालिका अकेली और गुमसुम अवस्था में बेंच पर बैठी मिली, जिसे समय रहते सुरक्षित संरक्षण में पहुंचाया गया।

ड्यूटी पर तैनात एएसआई विनोद कुमार निमेष, कॉन्स्टेबल संदीप सैनी एवं हेड कॉन्स्टेबल हेमराज मीना की नजर बालिका पर पड़ी। पूछताछ करने पर वह अपने बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे सकी और खुद को अकेला बताया। इसके बाद उसे आरपीएफ पोस्ट गुना लाया गया।महिला आरक्षक स्नेहा यादव ने बालिका को भोजन उपलब्ध कराया और सहानुभूतिपूर्वक बातचीत की। धीरे-धीरे बालिका ने अपना नाम रानी उर्फ राखी माली, पिता सुंदर माली, माता मीना देवी, निवासी राजा कोठी, जिला प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) बताया। आरपीएफ द्वारा स्टेशन परिसर में उसके परिजनों की तलाश की गई, लेकिन कोई भी परिजन नहीं मिला। इसके बाद मामले की सूचना किशोर पुलिस इकाई एवं चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को दी गई। निर्देशानुसार बालिका का जिला चिकित्सालय गुना में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसके बाद उसे संरक्षण के लिए मां स्वरूप आश्रम (रेड क्रॉस सोसाइटी), को सौंप दिया गया।आरपीएफ किशोर पुलिस आई एवं चाइल्ड वेलफेयर कमिटी ने संयुक्त प्रयास करके बालिका के परिजनों को खोज निकाला । बाल कल्याण पुलिस अधिकारी एसआई ज्योति राजपूत ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।परिजनों ने बताया कि बच्ची की मां मानसिक रूप से अस्वस्थ है बच्चों को उसने ही लावारिस छोड़ दिया था जिससे वह भटककर गुना पहुंच गई लेकिन यहां पुलिस विभाग की तत्परता के चलते एक बच्ची को फिर से अपना परिवार मिल गया।

बच्ची के पिता ने पुलिस विभाग की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की संवेदनशील कार्यशैली लोक हित और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से एक मासूम बालिका को उसका परिवार मिल सका, जिसकी स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है।

## डकैती और जानलेवा हमले से दहशत में व्यापारी, पुलिस कार्रवाई न होने का आरोप

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एसपी को ज्ञापन सौंपा**



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के ग्राम धनियां क्षेत्र में हाल ही में हुई डकैती और जानलेवा हमले की घटना से व्यापारी वर्ग में भय और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित चंचल सोनी एवं नंदकिशोर सोनी के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे दर्जनों व्यवसाईयों ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 18 फरवरी 2026 को शाम करीब 7 बजे दोनों भाई अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तीन बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोककर हमला कर दिया। बदमाशों ने मारपीट करते हुए उनके पास रखा सोना-चांदी से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। हमले में दोनों भाई घायल हो गए।पीड़ितों ने घटना की सूचना तत्काल जामनेर पुलिस को दी, लेकिन आरोप है कि अब तक पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

इस घटना के बाद क्षेत्र के दुकानदारों और व्यापारी वर्ग में दहशत का माहौल है।व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त सजा दिलाने की मांग की है।

## खनिज विभाग की सख्त कार्रवाई जारी, 3 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई लगातार जारी है।

प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में नियमित निगरानी के साथ छापामार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में सिरसी थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत मिलने पर खनिज विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच की। कार्रवाई के दौरान बिना रॉयल्टी रेत का परिवहन करते हुए पाए गए 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को थाना सिरसी परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।उक्त कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का अमला एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## बहुत जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे ऑफिसर्स कॉलोनी से महिला की चेन झपटने वाले

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस ने एक बार फिर से साबित कर दिया है कि बदमाश कितना ही शातिर क्यों ना हो वह पुलिस की पहुंच से बच नहीं सकता। यानी एक न एक दिन कानून के लंबे हाथ उसकी गर्दन तक पहुंच ही जाते हैं।जी हां शारदा स्कूल के निकट ऑफिसर्स कॉलोनी में महिला के गले से चेन छीन कर भागने वाले झपट मार जल्दी ही पुलिस गिरफ्त में होंगे।कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऑफिसर्स कॉलोनी रोड पर मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे लूसन बगीचा निवासी सीमा यादव रोजाना की तरह टहलने निकली थीं। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और उनके गले से सोने की चैन झपट ली।



महिला ने साहस दिखाते हुए विरोध किया, लेकिन बदमाशों ने चाकू दिखाकर उन्हें डराया और मौके से फरार हो गए। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी को जैसे ही घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल अपने सभी तंत्र सक्रिय कर दिए बदमाशों की तलाश शुरू हो गई ।तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुए पुलिस बदमाशों के बहुत करीब जा पहुंची है। और आने वाले एक-दो दिनों में दिनों में बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस ने अपने मुंखविर तंत्र को सक्रिय करते हुए सीसीटीवी कैमरों की मदद से योजनाबद्ध रणनीति पर काम करते हुए बदमाशों का पता लगा लिया है ।और उन्हें ट्रेस भी कर लिया है। बस अब उनकी गिरफ्तारी शेष रह गई है। उनके भागने के सारे रास्तों पर भी पुलिस का पहरा और पैनी नजर लगी हुई है। यूं कहा जा सकता है कि जैसे ही बिलों से बाहर निकलेंगे तुरंत दबोच लिए जाएंगे।

### इनका कहना है

हम बदमाशों के बहुत करीब पहुंच चुके हैं एक-दो दिन में ही इस पूरे मामले का खुलासा कर देंगे।

--**अंकित सोनी** पुलिस अधीक्षक गुना

### सीएम हेल्प लाइन निराकरण में 100 प्रतिशत सफलता

**आरोन**-आरोन नगर परिषद ने सीएम हेल्पलाइन में 100 प्रतिशत सफलता प्राप्त की है, यह एक बड़ी उपलब्धि है। इससे स्पष्ट होता है कि आरोन नगर परिषद ने शिकायतों के निपटारे में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है जानकारी देते हुए सीएमओ दिनेश कुमार सोनी ने बताया कि नगर परिषद आरोन ने नगर परिषद अंतर्गत सीएम हेल्प लाइन की समस्याओं का निराकरण कर गुना जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर 100 प्रतिशत सफलता हासिल कर ए ग्रेट प्राप्त की है इस उपलब्धि में नगर परिषद की संपूर्ण टीम का पूरा योगदान है । वहीं परिषद का उद्देश्य है कि नगर में किसी की कोई समस्या न रहे आगे भी परिषद द्वारा इस प्रकार के कार्य किए जाते रहेंगे।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान में लापरवाही पर प्रशासन सख्त, कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिवर के मार्गदर्शन में जिले में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त विकासखंडों में कुल 16 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, ताकि कोई भी पात्र बालिका टीकाकरण से वंचित न रहे।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा अभियान की सतत समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि एचपीवी टीकाकरण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। अभियान में शिथिलता बरतने वाली आशा एवं एएनएम के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर सख्त कार्यवाही के निर्देश समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों एवं मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारियों को दिए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपेक्षित प्रगति नहीं होने की स्थिति में बॉटम–2 ब्लॉक सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।इसी क्रम में भदौरा सीबीएमओ डॉ. शिल्पा टाटिया द्वारा गुना ग्रामीण क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता सविता तोमर (सिलावटी) को टीकाकरण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।वहीं आरोन सीबीएमओ डॉ. के. एन. भीलवारे द्वारा अपने-अपने कार्य क्षेत्र में एचपीवी टीकाकरण में लापरवाही पाए जाने पर राज बाई, फूला बाई (ग्राम झंझोंन), कृष्णा प्रजापति, शारदा अहिरवार (देवरी कला), रेखा बाल्मीकि (रामपुर) – आशा कार्यकर्ता, साथ ही अनीसा बानो (एएनएम, वार्ड क्रमांक 13) एवं उषा वर्मा (एएनएम, वार्ड क्रमांक 1) को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

### जयस्तंभ चौराहे पर ताहिरी मीठे चावल का भोग अर्पित कर प्रसादी का वितरण किया

## गुना में सिंधी समाज ने धूमधाम से मनाई भगवान झूलेलाल जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पूरे देश में 20 मार्च 2026 को भगवान श्री झूलेलाल जयंती और चेटी चंद्र उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसी अवसर पर गुना में सिंधी समाज ने स्थानीय जयस्तंभ चौराहा पर सुबह 10 बजे भगवान झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण किया और ताहिरी (मीठे चावल) का भोग अर्पित कर प्रसादी का वितरण किया।समाज के कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे और सभी देशवासियों को भगवान झूलेलाल के चरणों में नमन करते हुए



शुभकामनाएँ दीं।समाज के अध्यक्ष आनंद कृष्णानी ने भगवान झूलेलाल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए दिनभर होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी और सभी को शुभकामनाएँ प्रदान की।दिनभर कार्यक्रम की रूपरेखाशाम 4 – 5 बजेः गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में सुखमनी साहिब का पाठ।शाम 5 बजे बहिराना प्रज्वलन और गीत-कीर्तन। सांयकाल 7 बजे अरदास में शामिल होने के बाद 7.30 – 9.30 बजे तक लंगर सेवा। इस अवसर पर समाज के संरक्षक राजकुमार डगवानी, उत्तम दास माधवानी, अध्यक्ष आनंद कृष्णानी, सचिव संजय सोभवानी, कोषाध्यक्ष प्रदीप माधवानी, और अन्य प्रमुख सदस्य जैसे जगदीश माधवानी, अनिल माधवानी, अनूप खत्री, अमित खत्री, दौलत राम छाबड़ा, पंकज मोटवानी, विजय छाबड़ा, रहेजा ी , शबालचंद वाधवानी, हर्षित माधवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सिंधी समाज ने इस अवसर को भव्य रूप से मनाकर धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को लोगों तक पहुँचाने का कार्य किया।

### श्री सिद्ध पहाड़ बालाजी मंदिर में 21 कुंडिया श्री राम महायज्ञ व विराट संत सम्मेलन का आयोजन

गुना। श्री श्री 108 महामंडलेश्वर श्री मणिराम दास जी महाराज के सानिध्य में 21 कुंडिया श्री राम महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन 18 मई से 26 मई तक श्री सिद्ध पहाड़ बालाजी मंदिर, चोरोल में किया जाएगा।इस अवसर पर 20 मार्च को सभी संत एवं भक्तजनों ने धर्म ध्वजा फहराकर और शंखनाद करके आयोजन की शुभारंभ प्रक्रिया सम्पन्न की। महायज्ञ की रूपरेखा1 8 मई सुबह 9 बजेः कलश यात्रा गादिर गुफा से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौराहा, हनुमान चौराहा, केंट चौराहा, सिंघवासा, मावन होते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचेगी।प्रत्येक दिनःहवनः सुबहराम कथाः दोपहर 2 बजेरामलीलाः रात्रि 8:00 बजे, मंचन श्रीधाम वृंदावन से आई मंडली द्वाराभंडाराः प्रतिदिन आयोजित किया जाएगा। 26 मई : महायज्ञ का समापन और महाप्रसाद भंडारा।अपील एवं उपस्थितजनकार्यक्रम में प्रमुख संत 108 श्रीराघवेंद्र दास जी महाराज (भुजरिया तालाब) ने सभी ग्रामीणों एवं शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की विनती की।जय सिंह जाट (अखिल भारतीय जाट महासभा, गुना अध्यक्ष) ने भी भक्तों से अपील की कि कलश यात्रा में ग्रामीण और शहरवासी मिलकर इसे ऐतिहासिक रूप प्रदान करें और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## समाचार संक्षेप

### कुंभराज क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था के लिए संयुक्त निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज

कुंभराज क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा के लिए एसडीएम चाचौड़ा श्री रवि मालवीय और एसडीओपी श्री मनोज झा ने संयुक्त रूप से बांसाहेड़ा चौकी एवं थाना मृगवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कई महत्वपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की:चौकी में साफ-सफाई और समग्र व्यवस्था का निरीक्षण। शिकायत पंजी का अवलोकन किया और लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।आम जनता से पुलिस के व्यवहार को दुरुस्त करने और शिकायतकर्ताओं के प्रति सौम्य व्यवहार बनाए रखने के निर्देश।फरियादियों के लिए पानी, बैठने की व्यवस्था जैसी सुविधाओं की जांच।लंबित अपराधों की स्थिति की समीक्षा और शीघ्र जांच कर कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश।आवश्यक बलवा सामग्री हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय को मांग पत्र भेजने के आदेश।हवालात का निरीक्षण कर व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश।अधिकारियों ने कहा कि जिले में इस प्रकार के अनुभाग स्तर के संयुक्त भ्रमण से शांति और कानून व्यवस्था सुदृढ़ होगी।निरीक्षण के दौरान थाना सुरेश कुशवाह, चौकी प्रभारी जगदीश जाटव, पुलिस बल और आमजन उपस्थित रहे।

### भारतमाता की आरती एवं फल वितरण कर मनाया हिंदू नव वर्ष

**गुना ।** भाजपाजनों ने भारतमाता की आरती एवं फल वितरण एवं आतिशबाजी कर मनाया। हिन्दू नववर्षआज भाजपा गुना नगर मंडल द्वारा विक्रम संवत 2083 हिन्दू नववर्ष के शुभारंभ पर भारतमाता की आरती एवं फल वितरण एवं आतिशबाजी कर हर्षोल्लास के साथ मनाया। नगर मंडल मीडिया प्रभारी मुकेश ओझा ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, विधायक पन्नालाल शाक्य एवं नपा अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में एवं नगर मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत के नेतृत्व में हिन्दू नववर्ष नवसंवत्सर विक्रम संवत 2083 के प्रारंभ अवसर गुड़ी पड़वा के पावन पर्व को स्थानीय जयस्तंभ चौराहा पर भारत माता की भव्य आरती की गई । एवं आतिशबाजी कर प्रसाद स्वरूप फल वितरित कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। सभी वरिष्ठजनों द्वारा नगरवासियों को हिन्दू नव वर्ष एवं चैत्र नवरात्र की शुभकामनाएं प्रेषित कर उनके मंगलमय जीवन की कामना की गई।इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्षद गण मातृ शक्ति एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहा है।



# आरोन नगर में आस्था और परंपरा का प्रतीक डुंडी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



नगर में नववर्ष प्रतिपदा से रामनवमी तक मनाया जाने वाला डुंडी महोत्सव नगर की प्राचीन धार्मिक परंपराओं का प्रतीक है। हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी नगरवासी बड़े श्रद्धा, उत्साह और उमंग के साथ निभाते आ रहे हैं।नगर में डुंडी यात्रा कब से निकाली जा रही है, इसका सटीक इतिहास तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन बुजुर्गों के अनुसार यह परंपरा बहुत प्राचीन है। "डुंडी" शब्द मराठी भाषा के "डंडी" से बना माना जाता है, जिसका अर्थ यात्रा होता है। इसी परंपरा के तहत नववर्ष प्रतिपदा के अवसर पर भगवान हनुमान जी महाराज की काष्ठ प्रतिमा को सिर पर रखकर नगर में यात्रा निकाली जाती है। मान्यता है कि इस यात्रा के माध्यम से हनुमान जी नगर की सुख-समृद्धि और हाल-चाल का आशीर्वाद देने निकलते हैं।इतिहासकारों के अनुसार आरोन क्षेत्र पहले ग्वालियर रियासत की जागीर रहा है, जिसे "मामी साहब की जागीर" के नाम से राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया है। उस समय यहां के जागीरदार कृष्णराव देवराम जादव थे और नगर में एक छोटा किला उनका मुख्यालय हुआ करता था। उस दौर में यहां अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी महाराष्ट्रीयन समाज के थे, जिनके प्रमुख त्योहारों में तुकाराम जयंती, दत्त जयंती और गुड़ी पड़वा विशेष उत्साह से मनाए जाते थे। इन अवसरों पर मामी साहब की छतरी पर स्थित दत्त भगवान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी होता था।इसी परंपरा से जुड़ी डुंडी यात्रा आज भी नगर में भव्य रूप से निकाली जाती है। यात्रा श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर सदर बाजार, गुलाबगंज, दास हनुमान मंदिर, दत्त मंदिर, शिव कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड, गणेश्वरी प्रताप मार्ग और सारचबूतरा मोहल्ला होते हुए विजय हनुमान गणेश मंदिर से वापस राम मंदिर पहुंचती है। यात्रा में बैंड-बाजे, भजन मंडलियां और श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते-नाचते हुए चलते हैं। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालु आरती-पूजन कर फलाहार और स्वल्पाहार की व्यवस्था भी करते हैं।पूर्व में इस आयोजन की पूजा-अर्चना श्री रामचंद्र राव सर्वेकर (बड़े मास्टर साहब) द्वारा विधि-विधान से की जाती थी, जबकि कार्यक्रम का संचालन रामकृष्ण देव (छोटे मास्टर साहब) करते थे। वर्तमान में डुंडी समिति के माध्यम से इस आयोजन का विधिवत संचालन किया जा रहा है और पूजा-अर्चना का कार्य पंडित बालकृष्ण बल्लू महाराज द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

रामनवमी के बाद दशमी तिथि को भगवान राम और भगवान नृसिंह के भव्य रथ निकाले जाते हैं। इस अवसर पर पारंपरिक लोकनृत्य "राई" का आयोजन भी होता है, जिसे देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। दस दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन का समापन अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ किया जाता है।

# कमलापुर, मावन और अर्सखेड़ां में किसानों ने विरोध सप्ताह के तहत प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

जिले के कमलापुर, मावन और अर्सखेड़ां में किसानों ने विरोध सप्ताह के तहत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव महेन्द्र नायक ने कहा कि सरकार ने किसानों के हितों के खिलाफ बीज बिल-2025 लाकर खेती-किसानी पर बड़ी कंपनियों का नियंत्रण बढ़ाने का प्रयास किया है।नायक ने बताया कि वर्तमान में 84 प्रतिशत बीजों पर 3-4 निजी कंपनियों का ही कब्जा है। यदि यह कानून लागू हुआ, तो बीज समेत समस्त कृषि गतिविधियों पर बड़ी कंपनियों का शत-प्रतिशत नियंत्रण स्थापित हो जाएगा। उन्होंने नवम्बर 2024 में घोषित राष्ट्रीय कृषि मार्केटिंग नीति का भी उल्लेख किया और कहा कि इसके खिलाफ प्रबल विरोध के बावजूद इसे अभी तक वापस नहीं लिया गया है।उन्होंने आरोप लगाया कि किसान उत्पादक संगठन (एफ.पी.ओ.) को कॉरपोरेट के रूप में मान्यता देने और नई राष्ट्रीय कोऑपरेटिव नीति बनाने के माध्यम से केंद्र सरकार निजी कंपनियों की घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, उन्होंने लैंड पूलिंग और अरावली पर्वतमाला से जुड़ी नीतियों का भी विरोध किया, जिन्हें बड़े पूंजीपतियों के हित में लागू करने की कोशिशें कही जा रही हैं।महेन्द्र नायक ने यह भी बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिहीन खेत मजदूरों और गरीबों को रोजगार नहीं मिल रहा। मनरेगा की जगह लाए गए नए 'विबीग्रामजी' कानून में रोजगार की कानूनी गारंटी नहीं है, और केंद्र सरकार ने इस योजना में खर्च घटाकर केवल 60 प्रतिशत कर दिया है।उन्होंने किसानों और ग्रामीणों से जन-जागृति अभियान चलाने, ग्राम सभाएं और नुक्कड़ सभाएं आयोजित करने और गांव कमेटियों का निर्माण करके विरोध सप्ताह को सफल बनाने की अपील की।

**नुक्कड़ सभाएं आयोजित**

# शहवाजपुर सिद्ध आश्रम से फिर शुरू की जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा अनुविभागीय अधिकारी आरोन एवं जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के मार्गदर्शन में 19 मार्च को सिरोंज रोड स्थित सिद्ध बाबडी पर पूजा अर्चन करके जल गंगा संवर्धन अभियान चलाने की शुरुआत की गई आगे ग्रामो में जन जागरण हेतु दीवार लेखन चौपाल श्रमदान की गतिविधियों की जायेगी शुभारंभ में अनुविभागीय अधिकारी महेश कुमार तहसीलदार आरोन विकासखण्ड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् राघवेन्द्र शर्मा, अनुरोध सिंह, शिवराज यादव, सुनील सैन, बृजमोहन साहू,आशू, हिमांशु पंकज साहू, अवधेश साहू, शिवम साहू,पवन नामदेव पंडा जी आदी सम्मिलित हुए उपस्थित जनों का आभार विकासखण्ड समन्वयक द्वारा व्यक्त किया गया



# राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन



राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत 23वां सात दिवसीय राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर म.प्र. के सतना जिले के चित्रकूट में 8 से 14 मार्च तक अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के तत्वावधान में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस शिविर में विभिन्न महाविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने सहभागिता की। शासकीय महाविद्यालय आरोन से स्वयंसेवक विकास धाकड़ एवं प्रियंका अहिरवार ने भाग लेकर महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया तथा नेतृत्व, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया।शिविर से लौटने पर शासकीय महाविद्यालय आरोन में प्राचार्या सुश्री महाविद्या उपाध्याय, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूजा शर्मा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक वीरेंद्र सिंह मीना द्वारा दोनों स्वयंसेवकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। साथ ही "मां तुझे प्रणाम" भ्रमण से लौटे छात्र सुमित धाकड़ एवं चन्द्रशेखर कुशवाह का भी सम्मान किया गया।प्राचार्या ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिविर में प्राप्त अनुभवों को जीवन में अपनाने एवं समाज सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पूजा शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सतीश मस्तकार सहित महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### चैत्र नवरात्री मे प्रथम मंगल पाठ संपन्न हुआ

गुना। सोनी कॉलोनी मे श्री जीर्ण माता सेवा समिति के मार्गदर्शन मे नो दिनों तक मंगल पाठ घरों और मंदिरो मे हो रहे है समिति के विवेक गर्ग ने बताया जिसमें प्रथम पाठ प्रदीप खण्डेलवाल जी घर सोनी कॉलोनी मे हुआ जिसमें माता जी का भव्य श्रृंगार किया और कलश स्थापना के साथ पूजन होकर मंगल पाठ समिति के सभी सदस्यों ने किया और हनुमान चालीसा का पाठ सामूहिक रूप से किया इसके बाद प्रसाद वितरण किया और आज दूसरा पाठ उदासी आश्रम मे राजेंद्र गर्ग बालाजी जी के यहाँ होगा समिति के सभी सदस्यों से आग्रह है कि पाठ मे आकर धर्मलाभ ले। समिति के सहयोगी मे विमल गर्ग राजेंद्र गर्ग, आर के खण्डेलवाल, बृज किशोर गर्ग, विनोद खण्डेलवाल, राजेश सिंघल, मोनू नामदेव सहित सभी का नो दिनों तक सहयोग रहता है. और नवरात्री मे घरों मे नो दिनों तक पाठ किये जाएँगे ।

घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद, शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई जारी

# जमीनी विवाद में मारपीट व पिस्टल लहराकर धमकी देने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर






पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा द्वारा जमीनी विवाद में मारपीट एवं पिस्टल लहराकर धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किया गया एवं आरोपी के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु प्रतिवेदन प्रेषित किया गया।

उल्लेखनीय है कि थाना देहात अंतर्गत दिनांक 17.03.2026 को फरियादी शिवाजी पुत्र रवि त्रिपाठी, निवासी सोनी कॉलोनी, अशोकनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि सलूजा टावर के सामने पछाड़ीखेड़ा रोड, अशोकनगर पर राजस्व विभाग द्वारा भूमि सीमांकन के दौरान उनके चाचा श्रीकांत त्रिपाठी एवं स्वदेश जैन द्वारा अश्लील गालियां दी गईं, मारपीट की गई तथा पिस्टल लहराकर जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त रिपोर्ट पर थाना देहात में अपराध क्रमांक 168/26 धारा 115(2), 296(ई), 125, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी देहात उनि0 भुवनेश शर्मा को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी देहात उनि0 भुवनेश शर्मा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी श्रीकांत त्रिपाठी पुत्र शिवप्रकाश त्रिपाठी, निवासी पठार मोहल्ला, अंबेडकर भवन के सामने, अशोकनगर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के दौरान उसके मेमोरेंडम के आधार पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद की गई। प्रकरण में धारा 119 एवं 351(2) भारतीय न्याय संहिता का इजाफा किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। साथ ही, आरोपी के पिस्टल लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु प्रतिवेदन भेजा गया है, जिस पर विधिवत कार्यवाही प्रचलित है।

### श्वेता भोपाली बनी महिला जैन मिलन की अध्यक्ष



**अशोकनगर।** महिला जैन मिलन के सत्र 2026-27 के लिये श्वेता जैन भोपाली को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष प्रीति पाली एवं मंत्री आशी जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को जैन भवन में आयोजित सभा का प्रारम्भ महावीर प्रार्थना से हुआ। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर सुभाष जैन कैंची, संयुक्त मंत्री महेंद्र जैन कडेसरा एवं क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष निर्मल जैन मिर्ची की उपस्थिति में सम्पन्न निर्वाचन प्रक्रिया में सत्र 2026-27 के लिए श्वेता जैन भोपाली को महिला जैन मिलन का सर्वसम्मति से अध्यक्ष घोषित किया गया।सभा में उपस्थित सदस्याओं ने उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आपके कुशल नेतृत्व में संस्था निरंतर उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर होगी ।आप एवं आपके द्वारा गठित ऊर्जावान टीम महिला जैन मिलन को नई ऊंचाईयां प्रदान करेंगी एवं भारतीय जैन मिलन आंदोलन की प्रगति में अग्रणी रहेगी हर्षिता जैन,दीप्ति कांसल,विनीता मिर्ची,प्रीति बाबा,रानी छाया,मंजू जैन,उषा जैन,लक्ष्मी सिन्नी,नीतू जैन, मीनू खेरा,सीमा बगुल्या,लाली जैन आदि ने दीप्ति कांसल को बधाई देते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। अंत में सभी ने स्वादिष्ट चाट पार्टी का आनंद लिया।

# 4 बसों को हरी झंडी दिखाकर शिवपुरी में होने वाले स्वास्थ्य शिविर में रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




शिवपुरी में आयोजित होने वाले विशाल स्वास्थ्य मिशन के लिए आज ब्लॉक शाढ़ौरा से मानव सेवा का एक प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला। सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में 200 से अधिक मरीजों को लेकर 4 बसों को हरी झंडी दिखाकर शिवपुरी के लिए रवाना किया गया।


इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। पूर्व विधायक जजपाल सिंह, बीएमओ डॉ. जयकृत सिंह राजपूत, सुधीर रघुवंशी बीजेपी जिला उपाध्यक्ष भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष अतुल रघुवंशी, बीपीएम गणेश बहरे एवं बीसीएम संजीव रघुवंशी सहित संपूर्ण स्वास्थ्य टीम ने बसों को रवाना किया। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य शिवपुरी में आयोजित विशाल हेल्थ कैंप में अधिक से अधिक मरीजों को पहुंचाकर उनका विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परीक्षण कराना एवं आगे की आवश्यक उपचार प्रक्रिया सुनिश्चित करना है। उल्लेखनीय है कि पिछले कई दिनों से अलग-अलग स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर मरीजों का चयन (स्क्रीनिंग) किया गया था।

अभियान में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ जिला पंचायत, महिला एवं बाल विकास, राजस्व विभाग, नगर निगम एवं नगर पालिका ने समन्वय बनाकर सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक जजपाल सिंह ने मरीजों को फल, चाय एवं नाश्ता वितरित कर आत्मीयता के साथ विदा किया।

# चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना



**अशोकनगर।** यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना पंडित किशन लाल के सान्धिय में की गई। उन्होंने बताया कि चैत्र नवरानी के अवसर पर मार्कंडेय पुराण के अनुसार मां दुर्गा की नव शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का है ब्रह्म शब्द का अर्थ तपस्या भी है जो तप का आचरण करने वाली है। मां दुर्गा जी का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप त्याग वैराग सदाचार संयम की वृद्धि होती है। इस दिन साधक का मन स्वादिष्ठान चक्र में स्थित होता है। दुर्गा सप्तशती पाठ के अनुसार उन्होंने बताया कि आज ब्रह्मचारिणी देवी की पांच उपचार से पूजन की गई जिसमें दो कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया एवं उनको देवी स्वरूप मानकर फल मेंबा वा मिठाई देते हुए चुनरी भेट की गई देवी भागवत के अनुसार कहा जाता है कि जो नवरात्रि में कन्याओं का पूजन करते हैं उनका देवता भी सम्मान करते हैं। इस लोक में सुख की प्राप्ति होती है मन को शांति मिलती है। ब्रह्मचारिणी का अर्थ यह भी है सत्य और धर्म का आचरण करने वाली जो व्यक्ति नारी जाती का अपमान करते हैं अथवा इनको कुदृष्टि से देखते हैं उनको ब्रह्मचारिणी माता आवश्यक दंड देती है। यह ब्रह्मचारिणी की पूजा का फल है आज कन्या पूजन का सौभाग्य महेंद्र शर्मा को प्राप्त हुआ।



# अलविदा जुमे के मौके पर नमाज अदा कराई गई

**राजपुर।** इस बार माहे रमज़ान मुबारक में पांच जुमे पढ़ें है, चूंकि आमतौर पर देखने में आता है कि रमजान में चार जुमे ही पढ़ते हैं, लेकिन इस बार पांच जुमे पड़ना अल्लाह की बेहद खास नेमत माना जा है और इस रूहानी संयोग ने इबादत और दुआओं की अहमियत को और ही अधिक बढ़ा दिया है।

अलविदा जुमे कि नमाज जामा मस्जिद में हाफ़ज़ि वसीम बैग साहब, तो वहीं मदरसा दारूल उलूम मोहम्मदिया में हाफ़ज़ि मोहम्मद आमिर खान साहब ने अदा करवाई, इस मौके पर बड़ी तादाद में लोगों ने मस्जिदों का रुख किया. नमाज अदा करने के बाद देश में आपसी भाईचारे और अमन की खुसूसी दुआ मांगी गई. इस दौरान मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों की बड़ी भीड़ भाड़ रही और मस्जिदे खचाखच भरी रही।

# ग्राम गरेठा रसूलपुर में रात्रि चौपाल व समूह प्रशिक्षण का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




कृषि कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत ग्राम गरेठा रसूलपुर में रात्रिकालीन कृषक चैपाल एवं समूह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) के प्रमुख डॉ. बी. एस. गुप्ता, डॉ. हेमंत त्रिवेदी, सहायक संचालक उद्यानिकी गबरू ग्रेवाल, बीटीएम डॉ. बैजनाथ सिंह यादव, गरेठा एफपीओ के संचालक गौतम रघुवंशी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं तथा पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है। किसानों से अपील की गई कि वह नरवाई न जलाकर उसका उचित प्रबंधन अपनाएं।

डॉ. बी.एस. गुप्ता ने मसाला फसलों, के उत्पादन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला तथा किसानों को आय बढ़ाने के लिए फसल विविधीकरण अपनाने की सलाह दी। डॉ. हेमंत त्रिवेदी ने फसलों में होने वाले सामान्य रोग एवं कीट-व्याधियों की पहचान और उनके समुचित प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. बैजनाथ सिंह यादव (बीटीएम) ने नरवाई प्रबंधन के व्यावहारिक उपायों, मिट्टी परीक्षण के महत्व तथा मिट्टी के नमूने लेने की सही विधि पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि नियमित मिट्टी परीक्षण से फसलों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की सही जानकारी मिलती है, जिससे उर्वरकों का संतुलित उपयोग संभव हो पाता है।

गबरू ग्रेवाल ने उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए फल, सब्जी एवं मसाला फसलों के क्षेत्र विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने किसानों को इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ई-टोकन प्रणाली के बारे में भी किसानों को जानकारी दी गई, इस दौरान प्राकृतिक खेती के अंतर्गत चयनित कृषक सखी श्रीमती सीमा अहिरवार भी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए अन्य किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, फसल विविधीकरण बढ़ाने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग अशोकनगर (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमाक/0103/अपील/2025-26
अशोकनगर, दिनांक 17/03/2026

1. लटूरीबाई पुत्री धाबू जाति आदिवासी निवासी ग्राम भोंसलेगांव तहसील शाढौरा जिला अशोकनगर म.प्र. ................अपीलार्थी

बनाम

1. प्रकाश पुत्र कालूराम जाति साहू 2. धीरजसिंह पुत्र हजारीलाल साहू निवासी ग्राम सेंजी तहसील शाढौरा 3. मेंदाबाई वेवा पत्नि इमरतसिंह रघुवंशी 4. राजेन्द्रसिंह पुत्र इमरतसिंह रघुवंशी 5. रामकृष्ण पुत्र इमरतसिंह रघुवंशी 6. गुडडीबाई पुत्री इमरतसिंह रघुवंशी 7. संगीता पुत्री इमरतसिंह रघुवंशी निवासीजन ग्राम सेजी तहसील शाढौरा 8. गुलबोबाई वेवा पत्नि रतनसिंह रघुवंशी 9. प्रतापसिंह पुत्र रतनसिंह रघुवंशी 10. खिलनसिंह पुत्र रतनसिंह रघुवंशी 11. सुनील पुत्र रतनसिंह रघुवंशी 12. सुशील पुत्र रतनसिंह रघुवंशी निवासीजन ग्राम सेजी तहसील शाढौरा 13. शिवकुमार पुत्र मोहनसिंह रघुवंशी 14. कमरजी पुत्र दिमानसिंह रघुवंशी निवासी ग्राम सेजी तहसील शाढौरा 15. बहादुरसिंह पुत्र खूबसिंह रघुवंशी निवासी सेजी शाढौरा तहसील शाढौरा 16. मरोबाई वेवा पत्नि रघुवीरसिंह रघुवंशी 17. रामकुमार पुत्र रघुवीरसिंह रघुवंशी 18. गंगाबाई पुत्री रघुवीरसिंह रघुवंशी 19. ममताबाई पुत्री रघुवीरसिंह रघुवंशी 20. कलियाबाई पुत्री रघुवीरसिंह रघुवंशी निवासीजन ग्राम सेजी तहसील शाढौरा 21. रामबाई पुत्री खूबसिंह रघुवंशी निवासी सेजी शाढौरा तहसील शाढौरा 22. बृजेश पुत्र बहादुरसिंह रघुवंशी निवासी सेजी शाढौरा तहसील शाढौरा निवासी से 23. म.प्र.शासन ............ रेस्पोडेन्तजम

(पक्षकारों की उपस्थिति हेतु विज्ञप्ति सूचना)

एतद् द्वारा सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी लटूरीबाई पुत्री आदिवासी निवासी ग्राम भोंसलेगांव तहसील शाढौरा जिला अशोकनगर म.प्र. द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार तहसील शाढौरा का प्रकरण कमांक 0003/अ-13/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 26.08.2025 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील पेश की है। उक्त अपील में जिस किसी व्यक्ति का हित अथवा आवश्यक पक्षकार हो वह न्यायालय में पेशी दिनांक 10/04/2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर अथवा उचित माध्यम से प्रकरण में प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्यांद गुजरनें उपरांत किसी भी प्रकार का आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह विज्ञप्ति मेरी पद मुद्रा हस्ताक्षर से जारी है।

**शुभ्रता त्रिपाठी**
अनुविभागीय अधिकारी (रा) अनुभाग अशोकनगर

### होटल, ढाबों और दुकानों में धड़ल्ले से हो रहा इस्तेमाल

# नियमों की धज्जियां: घरेलू गैस का हो रहा व्यावसायिक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



शहर में गैस एजेंसी पर उपभोक्ता की बढ़ती भीड़ के साथ ही होटल, ढाबों और दुकानों में धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल हो रहा है। शायद कोई देखने और टोकने वाला नहीं है यही कारण है कि कायदे-कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

घरेलू गैस खासकर सब्सिडी वाले सिलेंडर की कालाबाजारी का कारोबार खूब फल-फूल रहा है लेकिन जिम्मेदार मौन हैं। चर्चा है कि शहर में इन दिनों चाय व मिठाई की दुकानों समेत पोहा समोसे बेचने वाले खुलेआम घरेलू ग्राहकों के हिस्से का गैस प्रयोग कर रहे हैं। बावजूद इस पर अंकुश लगाने के प्रति जिम्मेदार विभाग और प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। शहर के कई क्षेत्रों और बाजारों और प्रमुख चौराहों पर स्थित चाय की दुकानों व ठेले पर चाय नाश्ता बनाने वाले प्रतिदिन घरेलू गैस से ही अपना कारोबार कर रहे हैं। कई उपभोक्ताओं ने जिम्मेदार विभाग समेत प्रशासन से घरेलू गैसों का दुरूपयोग रोके जाने की दिशा में जरूरी कदम उठाने की मांग की है। दरअसल घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दाम में अंतर है। वर्तमान में घरेलू उपभोग के का सिलेंडर में 14 किलो गैस आती है जबकि व्यावसायिक सिलेंडर में 19 किलो गैस आती है। इस पर सब्सिडी का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में सब्सिडी वाले सिलेंडर की गैस सस्ती कीमत में आंकी जाती है। जबकि व्यावसायिक लगभग 100 रुपये प्रतिकिलो पड़ती है।

#### 250 व्यावसायिक गैस कनेक्शन हैं

शहर में संचालित भारत गैस एजेंसी के मैनेजर अजय प्रजापति ने बताया कि नगर में व्यावसायिक गैस के कनेक्शन लगभग 250 से 270 हैं बावजूद इसके महीने में मात्र 12 से 15 ही व्यवसायिक सिलेंडर लोगों द्वारा खरीदे जाते हैं। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर की खपत हर महीने 7 हजार से अधिक होती है। सूत्रों की माने तो कई होटल ढाबे संचालक व्यावसायिक सिलेंडर का कनेक्शन तो लेते हैं लेकिन एक बार नीले रंग का सिलेंडर (व्यावसायिक) लेने के बाद इसमें घरेलू सिलेंडर से गैस रि-फीलिग कराते हैं। यह सब इसलिए किया जाता है कि कहीं कोई शिकायत न करे।

#### नाम मात्र की खपत

शहर के कई घरेलू गैस उपभोक्ता अपने निजी स्वार्थ के चलते अपनी डायरी के सिलेंडर होटल ढाबों संचालकों को दिलवा देते हैं। जिसके कारण व्यवसायिक सिलेंडर की बिक्री हर महीने नाम मात्र की होती है।

**अजय प्रजापति**
मैनेजर भारत गैस एजेंसी

#### कार्रवाई करेंगे

जल्द घरेलू गैस का उपयोग करने वाले प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जाएगी।

**गोपाल चौहान,** प्रभारी आपूर्तिकारी एवं नायब तहसीलदार सारंगपुर

# स्मार्ट मीटर से बढ़ी परेशानी: बिल जमा करने के बाद भी सैकड़ों घरों में अंधेरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन इसकी सही जानकारी के अभाव में अब उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद अचानक सैकड़ों उपभोक्ताओं की बिजली सप्लाई बाधित हो गई, जिससे कई इलाकों में अंधेरा छा गया। उपभोक्ताओं का आरोप है कि उन्हें न तो बिल की समय पर जानकारी दी गई और न ही भुगतान की अंतिम तिथि के बारे में अवगत कराया गया। उपभोक्ताओं ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद न तो कोई मीटर रीडिंग लेने आया और न ही विभाग की ओर से बिल दिया गया। जब इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि बिल की जानकारी उपभोक्ताओं के मोबाइल पर भेजी जाती है, और उसी के अनुसार समय पर भुगतान करना आवश्यक है।

#### मोबाइल न होने से बढ़ी परेशानी

कई उपभोक्ताओं के पास एंड्रॉयड मोबाइल नहीं होने के कारण उन्हें बिल की जानकारी नहीं मिल सकी, जिससे वे समय पर भुगतान नहीं कर पाए और उनकी बिजली काट दी गई। इससे ग्रामीण एवं बुजुर्ग उपभोक्ताओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी।

स्थिति तब और गंभीर हो गई जब कई उपभोक्ताओं ने ऑनलाइन या बिजली कार्यालय जाकर बकाया बिल जमा कर दिया, इसके बावजूद उनकी बिजली सप्लाई चालू नहीं की गई। जब उपभोक्ता शिकायत लेकर बिजली विभाग पहुंचे, तो उन्हें जवाब मिला कि स्मार्ट मीटर की बिजली चालू-बंद करने का नियंत्रण स्थानीय स्तर पर नहीं है, बल्कि यह प्रक्रिया भोपाल से संचालित होती है। इस कारण कई उपभोक्ताओं को पूरी रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी और अगले दिन सुबह जाकर बिजली बहाल हो सकी। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश देखा गया और वे अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं।

#### इनका कहना है

फरवरी माह का बिल बकाया होने के कारण लगभग 100 उपभोक्ताओं की बिजली बंद की गई थी। बिल की सूचना उपभोक्ताओं के मोबाइल पर भेजी जाती है। यदि कोई उपभोक्ता साधारण मोबाइल उपयोग करता है, तो उसे विभाग द्वारा सूचित किया जाएगा।

**उमेश मिश्रा, जेई, मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, सारंगपुर**

# पुलिस की तत्परता से 18 घंटे में नाबालिग बालिका सकुशल बरामद



**सारंगपुर।** पुलिस ने अपनी सक्रियता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए नाबालिग अपहृत बालिका को महज 18 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस कार्यवाही से परिजनों में खुशी का माहौल है। जानकारी के अनुसार 18 मार्च को फरियादी बाबूलाल पिता सिद्दूलाल धनगर (75 वर्ष), निवासी बागकुआ टंकी, सारंगपुर ने थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी 15 वर्षीय नाबालिग भांजी को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सारंगपुर के बाहर से कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 207/26 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले की गंभीरता को देखते एसडीओपी अरविंद सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच करते हुए उज्जैन पहुंचकर बालिका को सुरक्षित बरामद किया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि परीक्षा का अंतिम पेपर होने के बाद अच्छे अंक प्राप्त करने की कामना से वह बिना बताए बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन चली गई थी। पुलिस ने बालिका को महज 18 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों को सौंप दिया, जिससे परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक दीपक परमार उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सिसोदिया आरक्षक मो इरशाद खान सत्येन्द्र रघुवंशी कैलाश लोधी माखन राठौर धर्मेन्द्र जायसवाल की भूमिका रही।

# ऑटो पार्ट्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग




**सुठालिया।** ब्यावरा के सुठालिया क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक ऑटो पार्ट्स की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखी बैटरियों में धमाके हुए और करीब एक लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। यह घटना मधुसूदनगढ़ रोड पर स्थित दुकान में हुई। प्रधानी कुंडल निवासी हिम्मत सिंह लोधी की यह ऑटो पार्ट्स दुकान दूसरी मंजिल पर स्थित है। आग लगने के बाद आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय निवासियों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और दमकल विभाग व पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनिल राहौरिया और एएसआई आशीष दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आग से प्रभावित हो रहे सामान को सुरक्षित निकालने में सहयोग किया। दमकल दल ने भी मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।इस घटना में दुकान का काफी सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## आबिद हुसैन लोदी पुनः बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष



**सारंगपुर।** कांग्रेस संगठन द्वारा जारी नई सूची में वरिष्ठ नेता आबिद हुसैन लोदी को पुनः शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह निर्णय प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश तथा वरिष्ठ नेताओं की अनुशंसा पर लिया गया। लोदी की नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में उत्साह और खुशी का माहौल है। पार्टी नेतृत्व ने उनके पूर्व कार्यकाल के अनुभव, संगठन क्षमता और सक्रियता को देखते हुए उन्हें दोबारा यह जिम्मेदारी सौंपी है। अपने पिछले कार्यकाल में उन्होंने संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और जनहित के मुद्दों को उठाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी कार्यशैली सभी को साथ लेकर चलने वाली रही है, जिससे वे कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच समान रूप से लोकप्रिय हैं।

# तेज रफ्तार कार इंदर चौराहा पर स्ट्रीट लाइट के पोल में जा घुसी



**जीरापुर।** नगर के सबसे व्यस्ततम इंदर चौराहा पर गुरुवार की रात करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार कार स्ट्रीट लाइट के पोल में सीधे जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी की कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और पोल टूट कर नीचे गिर गया। कार की गति तेज होना स्पष्ट होता है क्योंकि कार के एयरबैग खुलने से सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज रफ्तार में थी। टक्कर के बाद जोर से धमाका हुआ जिससे आसपास मौजूद लोग दहशत में आ गए! हालांकि टक्कर के तुरंत बाद कार के एयरबैग खुल गए, जिससे कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्ट्रीट लाइट का पोल टूट कर निचे गिर गया और कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार हरियाणा की बताई जा रही है जिसके नम्बर एच आर 700--2384 है ,जो क्षेत्र में गेहूं काटने की हार्वेस्टर लेकर आए हैं। इस मामले में पुलिस थाने में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ। उक्त स्ट्रीट लाइट का पोल इंदर चौराहा पर मध्य में लगा हुआ था कार चालक ने सीधे पोल में टक्कर मारी।

## ब्रह्माकुमारी शहीद कॉलोनी सेवा केंद्र पर कार्यक्रम आयोजित

**ब्यावरा।** ब्रह्माकुमारी शहीद कॉलोनी सेवाकेंद्र पर हिंदी नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि पर कार्यक्रम रखा गया। जिसमें आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्रह्माकुमारी राजयोगिनी मधु दीदी जी ने कहा कि हम सभी आदि सनातन देवी देवता धर्म की कुल की आत्माएं है। हमारे अंदर भी अष्ट शक्तियां, देवी गुण हैं अगर इन्हीं गुणों और शक्तियों को सदैव याद रखें तो कभी भी जाति, धर्म, रंग, रूप का भेदभाव नहीं होगा, क्योंकि देवताओं के अंदर प्रेम और सद्भावना पवित्रता होता है। उनके चेहरे और चालान बहुत रॉयल होते हैं। तभी तो हम मंदिरों में उनकी पूजा करते हैं। अगर सभी शक्तियां और गुण हमारे अंदर भी आ जाए तो हम कभी दुखी निराश या कमजोर नहीं करेंगे ऐसे दीदी ने हमें ज्ञान की बातें सुनाइए। और इसी कड़ी में ब्यावरा सेवाकेंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने सभी को नीम के पते, मिश्री का प्रसाद दिया और अर्थ बताते हुए का की कड़वाहट के साथ-साथ मिठास भी जीवन में जरूरी है। नीम के पते हमारे शरीर की आंतरिक कीटाणु को भी नष्ट करता है वही मिश्री मिठास भरता है और ठंडकता भी देता है। यह जीवन का बैलेंस है।

# बोहरा समाज ने ईद-उल-फितर हर्षोल्लास के साथ मनाई



**सारंगपुर।** बोहरा समाज द्वारा गुरुवार को सुबह 6:45 बजे बोहरावाड़ी मस्जिद में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की गई। नमाज की अगुवाई आमिल शेख यूनुस भाई ने की। इस दौरान उन्होंने देश में अमन, चैन और भाईचारे की दुआ की।

माह-ए-रमजान के पूरे 30 दिनों तक समाज के छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों और महिलाओं तक सभी ने रोजे रखकर इबादत की। मस्जिद और जमातखाने में लगातार 30 दिनों तक इबादत का दौर चला, साथ ही समाज की ओर से भोजन, चाय और बिस्कुट की व्यवस्था भी की गई। अपने संदेश में आमिल ने समाजजनों से अपील की कि वे जुआ, ब्याज, शराब और सिगरेट जैसी बुरी आदतों से दूर रहें, जरूरतमंदों की मदद करें तथा आपसी लड़ाई-झगड़ों से बचते हुए प्रेम और सद्भाव के साथ जीवन व्यतीत करें। उन्होंने सभी को ईमानदारी से व्यापार और व्यवसाय करने की भी प्रेरणा दी। नमाज के बाद सभी समाजजनों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

इस अवसर पर शेख अब्बास भाई, शेख अता हुसैन, शेख मोइज, कुर्बान, मुजफ्फर, शब्बीर , मुस्तफा, जाकिर सैफी, हातिम अली, जूजर सैफी, तैयब सैफी, अली असगर पेटीवाला सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## जल संवर्धन अभियान शुरू



**जीरापुर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार दिनांक 19 मार्च से 30 जून 2026 तक जल बचाओ जल का संवर्धन करने के लिए जिले भर में अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर के छापी बांध पर जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक नगर परिषद कर्मचारियों ने जल स्त्रोत पर साफ सफाई की। जय स्त्रोत के संरक्षण एवं पुनः उद्धार एवं जल स्त्रोतो को बढ़ाने के लिए एक पहल की। जनभागीदारी से पुराने तालाबों का गहरीकरण करना है ।बांध से शुरू किए अभियान में विधायक हजारीलाल दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, सीएमओ हरीओम शर्मा, उपयंत्री बृजेश उपाध्याय , हनुमान तिवारी, वरिष्ठ जन दिनेश नागर, प्रवीण गुप्ता बकानी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नगर में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

नगर में शुक्रवार को 1857 की वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर लोधा-लोधी समाज द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई और साज-सज्जा से हुई। समाजजनों ने रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा की सफाई कर परिसर को सजाया। इसके बाद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए और दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंदर सिंह लववंशी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने रानी अवंतीबाई लोधी के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और स्वतंत्रता के लिए बलिदान दिया। उनका बलिदान आज भी समाज को देशभक्ति, साहस और त्याग की प्रेरणा देता है। लववंशी ने युवाओं से वीरांगना के आदर्शों को अपनाने और समाज व राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं ने रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सुठालिया सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ समाजसेवियों और प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने मनाया गौतम ऋषि का जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज नगर इकाई के तत्वावधान में गुरुवार को बालाजी गार्डन में अपने आराध्य देव भगवान गौतम ऋषि का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। समाज की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। सभी समाज जनों एवं महिलाओं ने मिलकर विधि विधान के साथ भगवान गौतम ऋषि का पूजन कर महा आरती की गई। समाज की ओर से भगवान गौतम ऋषि का विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर पूजा अर्चना कर समाज अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी एवं समाज जनों की ओर से समाज के वरिष्ठ पंडित सत्यनारायण शर्मा, डॉ केके शर्मा, बीएल शर्मा, भगवत शरण व्यास सुरेश शर्मा सहित अन्य वयोवृद्ध समाज जनों शाल श्रीफल से एवं प्रतिभावान बच्चों का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। वहीं बालाजी मैरिज गार्डन के प्रबंधक एवं वरिष्ठ समाजसेवी रमेश चंद्र वर्मा का सम्मान भी किया गया साथ ही समाज की बुजुर्ग महिलाओं का भी महिला मंडल की ओर से सम्मान किया गया एवं समाज के वरिष्ठ पंडित चंद्र मोहन व्यास का जन्मदिन भी समाज जनों द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश शर्मा ने किया आभार समाज अध्यक्ष आशीष त्रिपाठी ने माना। इस दौरान समाज की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन करते हुए पुनः आशीष त्रिपाठी को अध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुष बच्चे उपस्थित थे।

## गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज ने महर्षि गौतम की जयंती मनाई



**जीरापुर।** स्थानीय गुर्जर बाहमण समाज द्वारा श्री महर्षि गौतम जयंती धूमधाम से मनाई गई। गौतम वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत। तत्पश्चात नगर में विशाल शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से निकाली। जिसमें चलित झांकी महिला पुरुषों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तत्पश्चात समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान स्थानीय विधायक की उपस्थिति में किया गया। समाज द्वारा रामायण परायण का पाठ भी धर्मशाला में किया गया। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी की भी पुन नियुक्ति हुई है जिसमें सर्वसम्मति मनोज उपाध्याय को अध्यक्ष पद के रूप में नियुक्त किया गया शेष कार्यकारिणी गत वर्ष की भांति ही सक्रिय रूप से कार्य करती रहेगी एवं जिला गुर्जर गोंड ब्राह्मण महासभा द्वारा वंदना शर्मा को जिला उपाध्यक्ष एवं रश्मि उपाध्याय को तहसील अध्यक्ष जीरापुर नियुक्त किया गया। समाज कोषाध्यक्ष घनश्याम तिवारी ने वार्षिक आय व्यय लेखा जोखा प्रस्तुत किया तथा समाज के सदस्य रामेश्वर दयाल तिवारी एवं हनुमान प्रसाद जोशी ने समाज उत्थान एवं धर्मशाला के निर्माण तथा रखरखाव की बात रखी। संचालन पं. अनुराग आचार्य ने किया। उपरोक्त पदाधिकारियों को समाज के वरिष्ठ जनों एवं इष्ट मित्रों द्वारा बधाई प्रदान की गई।

ऐजेन्सी देना है / हरिभूमि
राजगढ़ जिले में खाली निम्न स्थानों सुठालिया, पचोर, करेड़ी, छापीहेड़ा, तलेन, और भी अन्य खाली स्थानों पर एजेंसी देना है।
विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करे
संतोष गोस्वामी जिला ब्यूरो चीफ
पता : गुना नाका, बांडी खाली, बंधन बैंक के सामने, फर्स्ट फ्लोर, ब्यावरा जिला (राजगढ़)
नोट: अखबार प्राप्त करने के लिए सम्पर्क करें 6268644011, 8770833858